ज्ञापांक...169.../गो०

बिहार पुलिस मुख्यालय

(कार्मिक एवं कल्याण प्रभाग)

पटना, दिनांक-12/07/2023

सेवा में,

सभी क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/ पुलिस उप-महानिरीक्षक(रेल सहित),
बिहार ।

विषयः- **बिहार पुलिस मुख्यालय स्थित प्रभागों के कार्यालय में पदाधिकारी/कर्मियों के पदस्थापन हेतु इच्छुक पदाधिकारियों/कर्मियों के नामांकन(Nomination) Google Form के माध्यम से भेजे जाने के संबंध में ।**

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार पुलिस मुख्यालय स्थित प्रभागों के कार्यालय कार्य हेतु निम्नलिखित अर्हता/योग्यता रखने वाले इच्छुक पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों के नामांकन (Nomination) Google Form के माध्यम से प्राप्त किया जाना हैः-

क्र0	अर्हता/योग्यता
1	पुलिस निरीक्षक/ सहायक अवर निरीक्षक/ हवलदार का न्यूनतम सेवा अवधि 10 वर्ष पूर्ण हो तथा पुलिस अवर निरीक्षक/ सिपाही का न्यूनतम 05 वर्ष पूर्ण हो
2	पुलिस पदाधिकारियों की पिछले 10 वर्षो की तथा सिपाहियों की 05 वर्षो की स्वच्छ सेवा, बिना किसी वृहद सजा के होनी चाहिए ।
3	पदाधिकारियों का वा0गो0च0अ0 पिछले पाँच वर्षो का "अच्छा" से कम नहीं हो
4	कम्प्यूटर का ज्ञान हो
5	वैसे पदाधिकारी/कर्मी जो पटना स्थित किसी भी इकाई/प्रतिष्ठान में पदस्थापित/प्रतिनियुक्त रहे हो अथवा पटना जिले के निवासी हों का मनोनयन प्राप्त नहीं किया जायेगा ।
6	इच्छुक कर्मी जिस प्रभाग में पदस्थापन हेतु इच्छुक हैं का स्पष्ट उल्लेख करते हुए उस प्रभाग के कार्यो के संपादन में अपनी विशेष योग्यता/दक्षता को भी आवेदन में दर्शायेंगे ।

उपर्युक्त संदर्भ में निम्नांकित Google Form Link को अपने क्षेत्रान्तर्गत जिलों में अधिक से अधिक पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों के बीच Whatsapp एवं अन्य माध्यमों से साझा कर अधिक से अधिक संख्या में पुलिस कर्मियों को Online Nomination, Google Form द्वारा नामांकन करने हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित करेंगे तथा इच्छुक पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों को पूर्ण Google Form पर दिनांक-14.07.2023 को समय-18:00 बजे तक समर्पित कराने हेतु निदेशित करेंगे । Google Form Link निम्नांकित हैः-

Google Form Link- https://forms.gle/mn5P9ESnndinRjP39

12/07/23

पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय),
बिहार, पटना

प्रतिलिपिः- श्री सुनील कुमार झा, अपर पुलिस महानिदेशक (आधुनिकीकरण/ स०सी०आर०बी०), बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ प्रेषित ।

2. पुलिस महानिरीक्षक, केन्द्रीय क्षेत्र, पटना को कृपया सूचनार्थ प्रेषित ।
3. आई०टी० मैनेजर, बिहार पुलिस मुख्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ प्रेषित ।

12/07/23

पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय),
बिहार, पटना